Changes in Interest Rates

Year	Saving deposits	Term deposit of 46 days to 3 years and above
1992-93	Once (effective April 24, 1992)	Thrice (effective April 22, 1992 October 9, 1992 & March 1, 1993)
1993-94	Once (effective July 1, 1993)	Once (effective September 2, 1993)
1994-95	Once (effective November 1, 1994)	Once (effective February 10, 1995)
1995-96	Nil	Once (effective April 18., 1995)

Interest rates on bank deposits are determined taking into account a number of factors including the rate of inflation, the need to mobilise resources, other interest rates prevalent in the market; perceptions regarding the future course of inflation and real interest rates, cost of funds and the return on their deployment. The interest rates are kept under continuing review and appropriate changes made in accordance with emerging developments in the economy.

गोईपेरिया समिति की सिफारिशें

6063. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बैंकों के कार्यकरण के संबंध में गोईपेरिया समिति की सिफारिश क्या हैं;

(ख) कितनी सिफारिशों को लागू किया गया है और कितनी सिफारिशों को अब तक लागू नहीं किया गया हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि गोईपेरिया समिति की सिफारिशों को लागू करने का कार्य बहुत धीमा चल रहा है ; और

(घ) सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) बैंकों में ग्राहक सेवा में सुधार करने के लिए न कि बैंकों के कार्यकरण के संबंध में सिफारिशें करने के वास्ते भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गोईपेरिया समिति का गठन किया गया था ।

(ख) गोईपेरिया समिति की अधिकांश सिफारिशों को बैंकों द्वारा कार्यान्वित कर दिया गया है ।

(ग) और (घ) गोईपेरिया समिति की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक सरकारी क्षेत्र के बैंकों से तिमाही रिपोर्टें प्राप्त कर रहा है ।

इन रिपोर्टों के अनुसार कार्यान्वयन को बहुत धीमा नहीं कहा जा सकता है । तथापि, कुछ ऐसी सिफारिशें हैं जिनके सुचारु कार्यान्वयन के लिए कर्मचारियों के संगठनों के साथ बातचीत अपेक्षित है । भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार बैंकों ने इस दिशा में पहले ही आवश्यक कदम उठाना शुरू कर दिया है ।

ऋण वसूली में कमी

6064. **श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1993 और 1994 के